तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

10 सुशासन एक्सप्रेस से नारायणपुर के अंतिम छोर...



10 गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्रपति...






## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### चालक की लापरवाही उजागर, मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत विवेचना में पाया कि मृतक पीव्ही 74 गौरीशंकर निवासी 19 वर्षीय सुमित सरकार पिता दिलीप सरकार 25 जनवरी को रात करीबन 7 बजें अपने घर कि ओर से पखांजुर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 ईसी 6177 में अपनी बहन सोनाली सरकार, तनुषा मंडल को पीछे बैठाकर पखांजुर मेला देखने जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही वाहन मैजिक क्रमांक क्रमांक 07 टी 2189 के चालक सुमित सरकार के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई चोट से मृत्यु होना पाया गया। प्रकरण में उक्त मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 07 टी 2189 चालक के विरूद्ध अपराध धारा 281,125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जलने से महिला की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बागडोंगरी निवासी 35 वर्षीय रितु नाग पति भूपेंद्र नाग का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका जल गई थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान 17 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत मानिकपुरी निवासी 57 वर्षीय दिनेश वट्टी का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में 3 मार्च को मौत हो गया। बिना नंबरी मर्ग डायरी सरोना थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृत्रिम हाथ-पैर मापन शिविर 28 एवं 29 को

**कांकेर।** दो दिवसीय नकली हाथ पैर के मापन शिविर का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी दी है कि जरूरतमंद सभी दिव्यांग शिविर का लाभ ले सकते हैं। शिविर हेतु भोजन, परिवहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा। शिविर में हितग्राही को अपना आधार, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, यू.डी.आई.डी. कार्ड लाना अनिवार्य है।

### बुजुर्ग महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कोकपुर निवासी 60 वर्षय जानकी बाई मंडावी का 26 अप्रैल को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे जिला अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने महिला के मौत होने कि पुष्टी किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# कांकेर लोकसभा चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप, हाईकोर्ट ने खारिज की जांच की मांग

- याचिकाकर्ता को नए सबूत के साथ फिर से आवेदन करने की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा कांकेर सीट के चुनाव परिणामों को लेकर एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। भोजराज नाग की जीत को चुनौती देते हुए पूर्व प्रत्याशी बीरेश ठाकुर द्वारा दायर चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। ईवीएम में कथित छेड़छाड़ के आरोपों के बीच कांकेर लोकसभा चुनाव पर उठा विवाद फिलहाल ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना ठोस सबूतों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़ा नहीं किया जा सकता। कांकेर लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद के खिलाफ चुनाव याचिका दायर करते हुए बीरेश ठाकुर ने ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि 26 अप्रैल 2024 को हुए चुनाव में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपेट मशीनों के उपयोग में अनियमितताएं बरती गईं, जिससे चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि केवल आरोपों के आधार पर मशीनों की दोबारा जांच के निर्देश नहीं दिए जा सकते। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक याचिकाकर्ता मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य के माध्यम से किसी गड़बड़ी को रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं करता, तब तक इस प्रकार की जांच संभव नहीं है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जानबूझकर अनियमितताएं की गईं, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हुई। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के लिए ठोस प्रमाण अनिवार्य हैं।





### ईवीएम नंबर में अंतर का आरोप, जांच की मांग

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि दूसरी रैंडमाइजेशन रिपोर्ट में मशीन नंबर वीवीपेट यूनिट और अलग-अलग असेंबली सीटों गुंडरदेही नंबर 61, सिहावा नंबर 56, संजरीबालोद नंबर 59, डोंडी लोहारा (एसटी) नंबर 60, और केशकाल नंबर 82 के पोलिग स्टेशनों के फॉर्म 17 सी में मशीन नंबर में कुछ अंतर हैं।

### याचिकाकर्ता को पूरी तरह नहीं किया निराश

*हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को पूरी तरह निराश नहीं किया। कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए यह छूट दी कि यदि भविष्य में पर्याप्त दस्तावेजी सबूत उपलब्ध कराए जाते हैं, तो नई याचिका दायर की जा सकती है।*

### सियासत : नपं मे विवाद, कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की रखी मांग

# अध्यक्ष व पार्षदों ने सीएमओ पर लगाए गंभीर आरोप आठ दिन में कार्रवाई नहीं तो तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर पंचायत चारामा इन दिनों गहरे विवाद के केंद्र में आ गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और प्रशासनिक लापरवाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि आठ दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो नगर पंचायत में ताला जड़ने जैसी कड़ी कदम उठाए जाएंगे। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज अपने 15 पार्षदों के साथ कलेक्टोरेट कांकेर पहुंचे और कलेक्टर को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा। इस पत्र में नगर पंचायत में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

### रेत ठेकेदार से राशि माँगने का लगाया गया आरोप, मामला गरमाया



### रेत ठेकेदार से वसूली का आरोप

*इस मुद्दे को लेकर पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान ठेकेदार के बीच विवाद भी हो चुका है, जिससे कई विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही, नगर पंचायत में संचालित रेत खदान को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दावा किया गया है कि रेत के विक्रय में अनियमितता बरती जा रही है और अन्य ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके एवज में लगभग 5 लाख रुपये की मांग किए जाने की बात भी सामने आई है। इस मामले में ग्राम बालोद के ठेकेदार जितेंद्र कुमार साहू से भी जानकारी लेने की बात कही गई है।*

### सामाजिक मुद्दों पर उठाए सवाल

सिर्फ आर्थिक अनियमितताएं ही नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में जानबूझकर बाधाएं डाली जा रही हैं, जिससे कई बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए इस पर भी तत्काल सुधार की मांग की गई है।


### जाँचकर कार्रवाई की माँग

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए और संबंधित अधिकारी को हटाकर नए अधिकारी की नियुक्ति की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो आठ दिनों के भीतर नगर पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बकाया पैसे मांगने पर युवक पर पत्थर से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

- पीड़ित का सिर फूटा हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



रिसेवाड़ा में बकाया पैसों की मांग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट और खून-खराबे की नौबत आ गई। आरोपी ने न केवल पैसे देने से मना कर दिया, बल्कि अपने भाई के साथ मिलकर प्रार्थी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे ग्राम करियापहर निवासी 22 वर्षीय महेश सेन ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उनके साथी राकेश दर्रो ने आरोपी रिसेवाड़ा निवासी तोषण पटेल को 20 हजार रूपएं नगद उधार दिए थे। इसमें से तोषण ने 10 हजार रूपएं वापिस कर दिए थे, लेकिन शेष 10 हजार रूपएं लंबे समय से बकाया था। 27 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे जब अपने दोस्त राकेश दर्रो के साथ बकाया राशि मांगने तोषण पटेल के घर रिसेवाड़ा पहुंचे, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पैसों की बात जैसे ही छेड़ी, तोषण पटेल उग्र हो गया और चिल्लाते हुए कहने लगा, काहे का पैसा दूंगा, मेरा क्या कर लोगे? इसके बाद आरोपी ने गालियां देनी शुरू कर दीं। विवाद बढ़ने पर तोषण पटेल और उसके भाई ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने महेश पर हाथ-मुक्कों के साथ-साथ पत्थरों से भी हमला किया। पत्थर लगने से महेश के सिर पर गंभीर चोट आई है और काफी खून बह गया। घटना के दौरान महेश के दोस्त राकेश दर्रो ने बीच-बचाव कर उसे हमलावरों से बचाया। गंभीर रूप से घायल महेश सेन ने नरहरपुर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# बारातियों से भरा बेकाबू वाहन पेड़ से टकराया व पलटा, युवक की मौत

- राजनांदगांव से कांकेर लौटता स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खुशियों से भरी बारात से लौट रहे युवकों के लिए वह रात जिंदगी का सबसे काला अध्याय बन गई। राजनांदगांव से कांकेर की ओर लौटते वक्त एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिसमें 24 वर्षीय युवक करण कोमरे की दर्दनाक मौत हो गई। कुछ ही पलों में जश्न का माहौल मातम में बदल गया और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी की रात करीब डेढ़ बजे ईमलीपदर निवासी करण कोमरे अपने साथियों के साथ स्कार्पियो वाहन सीजी क्रमांक सीजी 08 बीडी 5352 में सवार होकर राजनांदगांव से बारात से लौट रहा था। वाहन को राकेश कुमार बघेल चला रहा था, जो तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। साल्हे चौक से शॉर्टकट मार्ग लेते हुए जैसे ही वाहन ग्राम ईरागांव के पास पुलिया के मोड़ पर पहुंचा, चालक नियंत्रण खो बैठा और स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े सागौन के पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# बेमियादी हड़ताल पर वनोपज समिति प्रबंधक, तेंदूपत्ता व्यवस्था पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 902 लघु वनोपज समिति प्रबंधकों ने 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल से प्रदेश के लगभग 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों और 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

संघ के पदाधिकारियों अध्यक्ष रामसाय गावड़े, संरक्षक रावटे, उपाध्यक्ष कुमार भुवाय, कोषाध्यक्ष सुकलू पुराने एवं सचिव सतीश यादव ने बताया कि वर्षों से लंबित मांगों पर शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे प्रबंधकों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अब वे अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। प्रदेश संयोजक रामाधार लहरें के अनुसार, प्रबंधक पिछले 38 वर्षों से सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण, समिति संचालन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, उचित वेतनमान, पेंशन, चिकित्सा सुविधा और सेवा सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल सकीं। प्रमुख मांगों में प्रबंधकों का नियमितीकरण किया जाए, वेतन मैट्रिक्स लेवल 07, 08 एवं 09 लागू किया जाए, सेवा सुरक्षा, पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए, लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण किया जाए। प्रबंधकों का कहना है कि कई बार शासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण आंदोलन ही अंतिम विकल्प बचा है। हड़ताल के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी, बोनस वितरण, बीमा योजनाएं तथा अन्य सहकारी गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। इसका सीधा असर प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों पर पड़ेगा, जो इन गतिविधियों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर हैं।

▶▶| शेष पेज 10 पर

### कांकेर में दिखेगा खिलाड़ियों का जुनून

# 21 दिनों तक खेल कौशल को करेंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के खेल प्रतिभाओं के लिए इस गर्मी एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ पेशेवर प्रशिक्षण का लाभ उठा सकेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह शिविर न केवल खेल कौशल को विकसित करेगा, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूती देगा। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 04 मई से 25 मई तक किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 06 बजे से 08 बजे तक तथा सायंकाल 05 बजे से 07 बजे तक निर्धारित किया गया है।

यह प्रशिक्षण शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान एवं जिला खेल परिसर सिंगारभाट कांकेर में आयोजित होगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शिविर में फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए समुचित खेल मैदान, आवश्यक खेल सामग्री, प्रशिक्षकों की उपलब्धता, शुद्ध पेयजल तथा पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

▶▶| शेष पेज 10 पर

### 8 से 17 वर्ष के बच्चों को मिलेगा प्रोफेशनल ट्रेनिंग का सुनहरा मौका



### प्रशिक्षण स्थल या कार्यालय में करा सकेंगे पंजीयन

खिलाड़ी अपनी रुचि के खेल के अनुसार संबंधित प्रशिक्षण स्थल या खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में जाकर सीधे संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। यह शिविर जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच साबित होगा, जहां वे अपनी खेल प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्राप्त करेंगे।

# पीएम गति शक्ति संबंधी कार्यशाला में विकास की डिजिटल रफ्तार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला कांकेर में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने की पहल अब और तेज होती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला ने प्रशासनिक समन्वय और आधुनिक तकनीक के उपयोग को लेकर नई उम्मीदें जगा दी हैं। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित हितधारक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग संचालनालय रायपुर के प्रतिनिधि ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म विभागों को अपनी परियोजनाओं की बेहतर योजना बनाने, आपसी समन्वय स्थापित करने और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेष रूप से अधिकारियों को बताया गया कि पोर्टल पर आधारभूत संरचना और भूमि से जुड़ी व्यापक जानकारी उपलब्ध रहती है, जिससे परियोजनाओं की योजना बनाना आसान हो जाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि संसाधनों का भी बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### टाटामारी क्षेत्र में अवैध कटाई पर कार्रवाई जारी

**कोण्डागांव।** टाटामारी ईको पर्यटन केन्द्र में पेड़ों की अवैध कटाई की सूचना मिलते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। 14 अप्रैल को प्राप्त सूचना पर सुरडोंगर परिसर के वनरक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध ठूंठों की गणना की गई और वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। वर्तमान में मामले की जांच प्रक्रियाधीन है। उप वनमंडलाधिकारी के अनुसार टाटामारी क्षेत्र के वनक्षेत्रें में परिसर प्रभारी, सुरक्षा श्रमिक एवं अग्नि प्रहरियों द्वारा लगातार गश्ती की जाती है, जिससे अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। ईको पर्यटन केन्द्र से जुड़े स्वसहायता समूहों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्य भी समय–समय पर वन संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। विभागीय जांच में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में टाटामारी ईको पर्यटन केन्द्र में किसी प्रकार की पेड़ों की कटाई नहीं की गई है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित न होने के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव



**केशकाल।** नगर पंचायत में परिषद की बैठक 23 अप्रैल प्रस्ताव/सकल्प क्र. 10 में 131 वां संविधान संशोधन विधेयक , नारी शक्ति वंदन अधिनियम- 2023 संशोधन विधेयक संसद में पारित न होने के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके तहत 27 अप्रैल को नगर क्षेत्र में नगर के नारी शक्तियों के द्वारा रैली निकाल कर इस महिला विरोधी कृत्य और उनके दोहरे चरित्र को समाज के हर वर्ग तक लेकर जाएंगे। हमारी इकाई महिलाओं की सशक्त राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जब तक नारी शक्ति को नीति-निर्माण में उनका उचित एवं संवैधानिक अधिकार नहीं मिल जाता है। अपनी निंदा और विरोध दर्ज करते रहेगे।

### गजल और कविता से दिन हुआ विशेष

**जगदलपुर।** बस्तर दसराहा पसरा में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बस्तर इकाई के कवि गोष्ठी में शहर के साहित्यकार उपस्थित हुए । सभी विधाओं पर रचनाएं पढ़ीं गई। सबसे पहले सरस्वती वंदना सुमधुर स्वर में चमेली नेताम सुवासिता ने प्रस्तुत किया । उसके बाद अवध किशोर शर्मा ने धूप में शाम तक नहाते हैं, गजल पेश कर वाह-वाही बटोरी । विपिन बिहारी दाश ने रागों में तराना ढूंढते हैं पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया । शिवसागर त्रिपाठी ने दिनचर्या पर कविता प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी । शैल दुबे ने नव समाज की नव रचना में सुंदर कविता पढ़ी । कृष्णशरण पटेल कृष्णा ने एक कविता सुनो बस कुछ-कुछ मात्रा में और एक गजल पेश कर तारीफ पाया । डालेश्वरी पांडेय ने बाबा पर कविता पढ़ी और सुमधुर स्वर में है जमाना बड़ा ही जालिम गीत गाकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया । रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने सुंदर दोहा पाठ मानव मन मंदिर बना प्रस्तुत किया । चमेली नेताम ने नारी पर आल्हा छंद और सार छंद प्रस्तुत कर तालियां बटोरी ।

# सुशासन एक्सप्रेस से नारायणपुर के अंतिम छोर तक पहुंच रही शासन की सेवाएं: वन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जिले में चल रही सुशासन एक्सप्रेस पहल राज्य सरकार की जन-केन्द्रित सोच और प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्षों से भौगोलिक कठिनाइयों और सुरक्षा चुनौतियों के कारण जो दूरस्थ गांव प्रशासनिक सेवाओं से वंचित थे, आज वहां शासन स्वयं पहुंचकर लोगों को उनके अधिकार दिला रहा है।

- लोगों का समय व संसाधनों की हो रही बचत

मंत्री कश्यप ने बताया कि यह मोबाइल सेवा इकाई दूर-दराज के गांवों में पहुंचकर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति एवं आय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न शासकीय सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध करा रही है।

इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत हो रही है, बल्कि आम नागरिकों में शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से नियद नेल्ला नार जैसे आंतरिक क्षेत्रों में इस पहल का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है, जहां हजारों हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला है। आधार अपडेट, पेंशन सेवाएं, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ अब सीधे गांवों तक पहुंच रहा है।

## योजनाओं से भी लाखों लोग हो रहे लाभांवित



### सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना

श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। सुशासन एक्सप्रेस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल सेवाओं की पहुंच बढ़ा रहा है, बल्कि क्षेत्र में विकास और स्थिरता को भी मजबूती दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के नवाचारों से नारायणपुर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी सुशासन की अवधारणा और अधिक सशक्त होगी तथा प्रत्येक नागरिक को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

## मांग : गो सम्मान दिवस पर लोगों में दिखी जागरुकता

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्रपति राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

गो सम्मान दिवस के अवसर पर ग्राम धनोरा में गौ संरक्षण को लेकर जनजागरूकता का माहौल देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं गो प्रेमियों ने गौरक्षा और गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसीलदार विजय मिश्रा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए गोवंश संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। तहसीलदार ने ज्ञापन को संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में 100 से अधिक गो प्रेमी, स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, देशभर में गौहत्या पर सख्त प्रतिबंध लगाने, गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कड़े कानून बनाने तथा गोशालाओं के संचालन के लिए पर्याप्त



संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गोवंश भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए ठोस और दीर्घकालिक प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गो आधारित कृषि, जैविक खेती और गौ उत्पादों को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गौ संरक्षण से न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्रवण दीपक, उपसरपंच लक्ष्मीनाथ अतकारी, पूर्व सरपंच धनोरा संतोष उइके, डॉ. अभय बरनवाल, रामेश्वर उसेंडी, रूपनारायण जैन, बरातू राम यादव, मुकेश राणा, आलम सिंह अतकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भजन-कीर्तन करते पहुंचे एसडीएम ऑफिस



**केशकाल।** गो प्रेमियों ने अपने तहसील विकासखंड मुख्यालय तक पहुंच कर राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम पर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। केशकाल अनुभाग की ओर से नीरज अग्निहोत्री विश्व हिंदू परिषद, ईश्वर बैस मानस मंच व्याख्याकार, जे आर नाग, प्राचार्य, लोकनाथ राठौर, अक्तू पाण्डे , नकुल नाग, चिराग उपाध्याय,रामेश्वर बघेल,जमुना बघेल,पार्षद हीरा लक्ष्मी शाह,गीता ध्रुव, नकुल नाग, देव साहू ,हुलास साहू, लोकेश गायकवाड़ प्रदेश अध्यक्ष सीता राम संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश, गजेंद्र सुरोंजिया, कृष्ण दत्त उपाध्याय ,नगर अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी आदि की उपस्थिति में नीरज अग्निहोत्री व रामा वैष्णव ने सौंपा। इसके पूर्व लोक नाथ राठौर,नीरज अग्निहोत्री ने सभा को संबोधित कर गो माता सम्मान पर प्रकाश डाला, ईश्वर बैस ने सुंदर भजनों से मन मोह लिया यह पहला मौका था जब भजन कीर्तन बाजे गाजे के साथ सभी लोग अनुविभागीय कार्यालय पहुंच गए।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली तस्वीर, गंगाधर बने सफल उद्यमी

**कोण्डागांव।** जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आधुनिक तकनीकों को अपनाकर मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से मत्स्य संसाधनों का



बेहतर उपयोग कर मछुआरों और मछली पालकों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। ग्राम सातगांव के गंगाधर नेताम ने योजना का लाभ लेकर पोंड लाइनर तकनीक से तालाब निर्माण कराया। कुल 14 लाख रुपये की लागत में उन्हें 8 लाख रुपये का अनुदान मिला।

### कम लागत में अधिक उत्पादन

आधुनिक तकनीक अपनाने से वे वर्ष में दो सीजन में लगभग 35 क्विंटल मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें सालाना 3 से 4 लाख रुपये तक की आय हो रही है। मत्स्य विभाग द्वारा सतत तकनीकी मार्गदर्शन मिलने से गंगाधर नेताम को कार्य में सफलता मिली और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। पोंड लाइनर तकनीक में तालाब के तल और किनारों पर विशेष प्लास्टिक शीट बिछाई जाती है, जिससे पानी का रिसाव रुकता है और जल संरक्षण होता है। इस तकनीक से कम पानी और कम जगह में अधिक उत्पादन संभव हो रहा है, जिससे किसानों की लागत घट रही है और आय में वृद्धि हो रही है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में छेड़छाड़ के एक मामले में कोंडागांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चंद घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता ने 26 अप्रैल को थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि 25 अप्रैल की रात वह ग्राम बड़े बेंदरी के वार्षिक मेले से लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसे घर छोड़ने के बहाने अपनी स्कूटी पर बैठा लिया।

- मेले से लौटते समय वारदात
- पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने देर रात करीब 2:30 बजे ग्राम बड़े बेंदरी के नया पारा स्थित आम पेड़ के पास स्कूटी रोककर गलत नियत से जबरदस्ती पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान आरोपी डोनाल्ड बघेल 21 वर्ष, निवासी बायकापदर, बड़े बेंदरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया।



### स्कूटी जब्त, आरोपी न्यायिक रिमांड पर

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एन 2609 को जब्त कर लिया है। आरोपी को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक शांति यादव, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, महिला आरक्षक गायत्री शोरी, आरक्षक करण ध्रुव एवं विष्णु मरई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन कल

**कोण्डागांव।** कोंडागांव में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित हुई, जिसमें संगठनात्मक मुद्दों के साथ जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बिजली कटौती, लो वोल्टेज, पेयजल संकट और स्वास्थ्य सेवाओं की खराब स्थिति को लेकर कड़ा असंतोष जताया गया। कांग्रेस नेताओं ने जिला अस्पताल में सुविधाओं की कमी को लेकर कहा कि आम जनता को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अमृत मिशन पाइपलाइन से जुड़ी समस्याओं, नालियों में गंदगी और सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति को भी प्रमुख मुद्दा बनाया गया। कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि 29 अप्रैल को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस प्रदर्शन की जानकारी पहले ही एसडीएम कोंडागांव को दे दी गई है। बैठक में जिला, ब्लॉक और शहर स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- एसडीएम कार्यालय का होगा घेराव

# सभी कृषि आदान दुकानों पर लटका रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

अखिल भारतीय एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आयोजित एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का असर कोंडागांव जिले के ग्राम धनोरा में व्यापक रूप से देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में क्षेत्र के समस्त कृषि आदान विक्रेताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखीं। सुबह से लेकर शाम तक खाद, बीज एवं कीटनाशक की एक भी दुकान नहीं खुली, जिससे बाजार पूरी तरह सूना नजर आया। यह हड़ताल व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर की गई थी। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, वे पिछले कई वर्षों से शासन और प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखते आ रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण अब उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

- देशव्यापी हड़ताल का धनोरा में व्यापक असर

### प्रमुख मांगों को लेकर व्यापारी एकजुट

व्यापारियों ने बताया कि उर्वरकों पर जबरन लिंकिंग (टैगिंग) की व्यवस्था से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों को अनिवार्य रूप से जोड़कर बेचना पड़ता है, जिससे व्यापार प्रभावित होता है। इसके साथ ही आपूर्ति व्यवस्था लागू नहीं होने के कारण डीलरों को अतिरिक्त परिवहन खर्च वहन करना पड़ता है, जिससे उनकी लागत बढ़ती जा रही है। डीलर मार्जिन में वृद्धि की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई और संचालन लागत के बावजूद उनका मार्जिन वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है, जिससे व्यवसाय चलाना कठिन हो रहा है।




### साथी पोर्टल और लाइसेंसिंग व्यवस्था पर भी सवाल

हड़ताल के दौरान व्यापारियों ने साथी पोर्टल की जटिलताओं को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यह पोर्टल ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे व्यापारियों के लिए कठिन और अव्यवहारिक साबित हो रहा है। इसके अलावा लाइसेंस नवीनीकरण, निरीक्षण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी अत्यधिक जटिल और समय लेने वाली हैं, जिन्हें सरल किए जाने की आवश्यकता है।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हड़ताल के दौरान कृषि आदान व्यापारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में प्रधानमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन कलेक्टर, कोंडागांव को सौंपा गया। ज्ञापन में व्यापारियों की सभी प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। व्यापारियों ने आशा जताई कि केंद्र एवं राज्य शासन इस पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेगा। हड़ताल के कारण किसानों को दिनभर खाद, बीज और कीटनाशक नहीं मिल पाए, जिससे उन्हें कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि कई किसानों ने व्यापारियों की मांगों को जायज बताते हुए आंदोलन का समर्थन किया। व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आगामी समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगे।

## छात्राओं से तैयारियों का लिया फीड बैक

# कलेक्टर—एसपी ने लक्ष्य कोचिंग सेंटर में युवाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने जिला कार्यालय परिसर स्थित लक्ष्य कोचिंग सेंटर पहुंचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी की स्थिति जानी और उन्हें मेहनत व लगन के साथ लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक ने अपने अनुभव साझा करते हुए निरंतर अभ्यास, टेस्ट के बाद विश्लेषण और गलतियों में सुधार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समूह चर्चा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे विषयों की समझ बेहतर होती है और तैयारी अधिक प्रभावी बनती है। कलेक्टर एवं एसपी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं कोचिंग सेंटर के प्रभारी उपस्थित रहे।

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर दिए अहम टिप्स



## पेज 9 के शेष

### अध्यक्ष व पार्षदों ने...

अध्यक्ष और पार्षदों का कहना है कि वर्तमान में नगर पंचायत में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित अधिकारी पर पूर्व में करीब 14 लाख रुपये के गबन का आरोप लग चुका है। इसके अलावा, केशबुक बिल क्रमांक 588 का भुगतान 22 जनवरी 2026 को किया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि नगर पंचायत में कई ठेकेदारों के भुगतान आज भी लंबित हैं और भुगतान जारी करने के लिए ठेकेदारों से 10 प्रतिशत तक कमीशन की मांग की जाती है। यदि कोई ठेकेदार इस राशि का भुगतान नहीं करता, तो उसके कार्यों में बाधा उत्पन्न की जाती है।

### बकाया पैसे मांगने...

प्रार्थी ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है, जिससे वे डरे हुए हैं। महेश ने पुलिस से मांग की है कि तोषण पटेल और उसके भाई के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तोषण पटेल एवं उसका भाई के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बारातियों से भरा...

हादसे में करण कोमरे के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य साथी बाल-बाल बच गए। घायल करण को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ है कि दुर्घटना चालक की लापरवाही और अत्यधिक गति के कारण हुई। पुलिस ने आरोपी चालक राकेश कुमार बघेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### बेमियादी हड़ताल पर वनोपज...

दंतेवाड़ा, भानुप्रतापपुर, कांकेर, जगदलपुर, रायपुर और कवर्धा जैसे जिलों में तेंदूपत्ता खरीदी शुरू हो चुकी है। ऐसे में हड़ताल का प्रभाव लगभग 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर तत्काल पड़ने की संभावना है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### 21 दिनों तक खेल कौशल...

शिविर में प्रवेश के लिए 8 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं पात्र होंगे। इच्छुक प्रतिभागियों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा, जिसमें आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा।

### पीएम गति शक्ति संबंधी...

प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि इस तकनीक के माध्यम से जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के मजबूत होने से व्यापार और उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों को पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे इसे अपने दैनिक कार्यों में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से किया गया। यह कार्यशाला जिले में डिजिटल शासन और समन्वित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जिससे कांकेर के विकास को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने सौंपा ज्ञापन



**भानपुरी।** गौ सेवा सम्मान दिवस 27 अप्रैल को भानपुरी तहसील प्रभाग में गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार सम्मानित पद प्रदान करने के लिए तहसील भानपुरी जिला बस्तर में ज्ञापन देने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण एवं सनातनी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर भानपुरी तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व राज्य के मुख्यमंत्री के नाम से समय 11 बजे गौ सम्मान गौ माता की हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्ञापन सौंपा गया। उपस्थित क्षेत्र के सनातनी धनर कश्यप, सुपल कश्यप, लेदूराम बोदरा, रविंद्र सूर्यवंशी, पापनी भुवनेश्वर, फरसागुड़ा भानपुरी प्रभाग से संजय तिवारी, अरविंद सोलंकी, शंभू नाथ नाग, बलदेव मरकाम, योगेश जैन, देवराज सोलंकी, मोहन पांडे, ईकेश, गजेंद्र, भारत साहू, कृष्ण गुप्ता, महिला मंडल से आरती गुप्ता, मनचित बेध, मालिक राम साहू, सुरेश विश्वास, शरद यादव, चपका से बिहारी बाबा शंकर दास, पीलाराम नाग, नवल कश्यप, सोहन सिंह बघेल व बड़ी संख्या में क्षेत्र के सनातनी शामिल थे।

### ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दस्तावेजों की जानकारी प्रशासन को देंवे

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ज्ञानभारतम मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों के संरक्षण, अन्वेषण और डिजिटलीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों तथा निजी संग्रहों में सुरक्षित प्राचीन ज्ञान-संपदा को चिन्हित कर संरक्षित करना और डिजिटल माध्यम से जनसुलभ बनाना है। इसी क्रम में जिले में संस्थागत एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों के चिन्हांकन एवं सूचीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि यह पहल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने पास उपलब्ध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दस्तावेजों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।



## समस्या : 3 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर, डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

# पत्ता खरीदी बंद करने पर बिफरा बस्तर राज मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छिन्दगढ़, सुकमा ब्लॉक में जिन समितियों में खरीदी जारी है, यहां पर केवल एक से तीन दिन तक खरीदी कर फड़ बन्द कर दिया गया है। जिससे तेन्दूपत्ता संग्राहक पत्ता नहीं खरीदने से परेशान है, पूरा पत्ता अभी तोड़ना शेष है। उक्त आरोप बस्तर राज मोर्चा ने कलेक्टर, वनमंडलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में लगाया।

■ एक से दो दिन तक पत्ता खरीदी करने का आरोप

सुकमा जिले में बस्तर राज मोर्चा ने वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तेंदूपत्ता खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाये है। बस्तर राज मोर्चा ने कहा कि सुकमा जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ हो चुका है। छिन्दगढ़, सुकमा ब्लॉक में जिन समितियों में खरीदी जारी है यहां पर केवल एक से तीन दिन तक खरीदी कर फड़ बन्द कर दिया गया है। जिससे तेन्दूपत्ता संग्राहक पत्ता नहीं खरीदने से परेशान है, पूरा पत्ता अभी तोड़ना शेष है।



### बिना लक्ष्य के किया जा रहा है बंद

बस्तर राज मोर्चा के जिला प्रभारी रामा सोड़ी ने का कि पत्ता खराब होने या लक्ष्य पूरा होने के नाम पर खरीदी बंद किया गया है। कई समितियो में सरकार का लक्ष्य को पूरा भी नहीं किया गया है और फड़ बंद किया जा रहा है। अभी तक जानकारी के अनुसार कुकानार, पुसपाल, मुरतोण्डा, पड़वारास समिति में भी केवल 1 से 3 दिन खरीदी कर बन्द कर दिया गया है।

### कई फड़ अभी तक प्रारंभ नहीं

सोड़ी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में अभी तक कई समितियों का फड़ प्रारंभ भी नहीं किया गया है। प्रारंभ में ही ऐसी आनाकानी करने का तात्पर्य स्पष्ट है कि शासन, प्रशासन आदिवासी मूलवासियों के तेन्दूपत्ता संग्राहको का पूरा पत्ता खरीदना नहीं चाहती है। सोड़ी ने कहा कि वनविभाग के ज्ञात सूत्रों से जानकारी मिली है कि आज तक 25 हजार मानक बोरा खरीदी हुई और 1 लाख 08 हजार मानक बोरा गड्डी खरीदी का लक्ष्य बताया जा रहा है। जबकि लक्ष्य अभी भी अधूरा है। शासन का लक्ष्य जो भी हो, आदिवासी तेन्दूपत्ता संगाहको का पूरा पत्ता खरीदी किया जाना आवश्यक है। चूंकि आदिवासियों के जीविका के आय का मुख्य स्त्रोत है।

### ये हैं मांगें

जिले के सभी समितियों में तेन्दूपत्ता संग्राहको का पूरा-पूरा पत्ता खरीदा जाये, छिन्दगढ़, सुकमा ब्लॉक क्षेत्र में दो-तीन दिन खरीदी कर बंद किया गया फड़ पुनः चालू कर खरीदा जाये तथा खरीदी अवधि एक सप्ताह से अधिक किया जाये एवं जब तक खरीदी पुरा नहीं होता, फड़ चालू रखा जाये यह मांगे हैं।

### खरीदी को लेकर गंभीर है विभाग

इस मामले पर वनमंडलाधिकारी अक्षय भोसले ने कहा कि कुछ स्थानों पर ओला गिरने व अन्य कारणों से पत्ते की गुणवत्ता खराब हुई है जिसके कारण अस्थाई तौर पर कही कही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई होगी। उनहोने कहा कि इस मामले की वे स्वयं लगातार फिल्ड में जाकर मॉनिटरिंग कर रहे है।

# लिफाफे को लेकर कोन्टा में हुआ था बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कोन्टा तहसील कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मचारी को लेकर एक नया मोड़ उस वक्त आ गया जब कोन्टा की ही एक पीड़िता ने संबंधित कर्मचारी पर पैसा मांगने और मामले में जबरन परिवार के सदस्य पर मारपीट के मामले में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाई है।

■ अब दूसरे पक्ष ने न्याय के लिए लगाई गुहार भाजपा नेता को बेवजह फंसाने का आरोप

कोन्टा के तहसील कार्यालय में घटित कथित अभद्र व्यवहार की घटना ने तुल ले लिया है। एक ओर जहां महिला कर्मचारी ने पत्रकार पर अभद्र व्यवहार करने का मामला दर्ज कराया है तो दूसरी ओर कोन्टा की ही महिला श्रीमति दारा सावित्री ने ज्ञापन सौंप कर कोन्टा में पदस्थ श्रीमती संध्या (सहा. ग्रेड-2) द्वारा रिश्वत मांगे जाने एवं अभद्र व्यवहार के संबंध में गंभीर आरोप लगाये है। कोन्टा के ही पीड़ित महिला ने ज्ञापन सौंप कर कहा कि मेरे पुत्र शिवकुमार एवं बंटी द्वारा तहसील कार्यालय में सागौन वृक्ष की कटाई के लिए नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया था।



उक्त आवेदन के संबंध में जब हम सहायक ग्रेड-02 श्रीमती संध्या के कक्ष में गए, तो उनके द्वारा हमारे साथ अभद्र व्यवहार किया गया एवं उक्त कार्य के एवज में मेरे से दो लिफाफे (धनराशि से भरे हुए) रिश्वत के रूप में मांगे गए। हमारे द्वारा रिश्वत देने से इनकार करने पर हमें अपमानित करते हुए कक्ष से बाहर निकाल दिया गया। कोन्टा की स्थानीय पीड़ित महिला ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार एवं भाजपा नेता पवन कुमार (सिद्धू) द्वारा जब संध्या से चर्चा किया गया, तो उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें कक्ष से बाहर कर दिया गया। आश्चर्यजनक रूप से इस घटना के दो दिन पश्चात संध्या द्वारा पवन कुमार (सिद्धू) के विरुद्ध थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। पीड़ित महिला सावित्री ने कहा कि महिला कर्मचारी ने स्वयं को बचाने एवं मामले को दबाने के उद्देश्य से उनके द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई है, जबकि वास्तविकता यह है कि हमने केवल वार्तालाप हेतु पवन को बुलाया था। उक्त सम्पूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए तथा दोषी पाए जाने पर संध्या सहा. ग्रेड-2 के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्यवाही करने करें, जिससे भविष्य में किसी अन्य नागरिक को इस प्रकार के भ्रष्टाचार एवं दुर्व्यवहार का सामना न करना पड़े।

### शिकायत मिली है निष्पक्ष होगी जांचः एसडीएम

इस संबंध में कोन्टा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने कहा कि कोन्टा की पीड़ति महिला के द्वारा तहसील कार्यालय के महिला कर्मचारी के विरूद्ध में लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। तत्संबंध में दोनों पक्षो से बयान लिया जावेगा और शिकायत सही पाये जाने पर कार्रवाई की जोवगी।

# भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली, किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में गीदम ब्लॉक के बारसूर में भाजपा ने विशाल जन आक्रोश रैली और पदयात्रा निकाली। रैली में शामिल हजारों महिलाओं ने हाथों में तिरंगा और अधिकारों से जुड़े नारों की तख्तियां लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।



रैली की अगुवाई नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी ने की। उन्होंने कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन पर महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 33 प्रतिशत आरक्षण के संकल्प को विपक्ष रोकने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत हैं। लोकसभा, विधानसभा व राज्यसभा में महिलाओं की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी का लक्ष्य है।

रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नाग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, जिला मंत्री भुनेश्वर भारद्वाज, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ममता मंडावी, जिला कार्यसमिति सदस्य जसवीर नेगी, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बद्रीनाथ पुजारी, मंडल अध्यक्ष वैसू मंडावी, युवा मोर्चा महामंत्री हितेश सिंह सिन्हा, दमयति नाग, सुरेंद्र नाग, पार्षद गीता बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले को मलेरिया मुक्त बनाने दिलाई शपथ



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके मार्गदर्शन में विगत दिवस जिले समस्त विकासखंड में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरित, हम कर सकते हैं, अब हमें ही करना होगा के आधार पर रहा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कुम्हाररास में आयोजित किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देश दीपक के द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया के संबंध में उपचार एवं आवश्यक बचाव हेतु विभिन्न जानकारी दी गई। साथ ही साथ जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक संकल्प के साथ काम करने की शपथ दिलाई गई।

**महिला आरक्षण पर भाजपा की नीयत पर उठाया सवाल**

# चुनावी लाभ के लिए किया गया राजनीतिक इस्तेमाल : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधायक एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील मुद्दे को भाजपा ने केवल चुनावी लाभ और राजनीतिक प्रचार का माध्यम बना दिया है। महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के बजाय, इस विषय का उपयोग केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया गया।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिला आरक्षण का न केवल समर्थन किया है, बल्कि महिलाओं को राजनीति में समान और सम्मानजनक भागीदारी दिलाने के लिए लगातार संघर्ष भी किया है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना कांग्रेस की विचारधारा और प्रतिबद्धता का अभिन्न हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित हो चुका है, लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया। इसे जनगणना और परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं से जोड़कर अनिश्चितकाल के लिए टाल देना भाजपा की मंशा को उजागर करता है। यदि केंद्र सरकार वास्तव में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति ईमानदार होती, तो यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता। सवाल उठाया कि जब विधेयक पारित हो चुका है, तो फिर महिलाओं को उनका अधिकार देने में इतनी देरी क्यों आखिर सरकार हिचकिचा क्यों रही है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि भाजपा ने महिला आरक्षण को केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि चुनाव के दौरान महिलाओं की भावनाओं को प्रभावित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल भाषणों, नारों और चुनावी घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने, सामाजिक समानता स्थापित करने और महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में वास्तविक भागीदारी देने का आधार है। देश की महिलाएं अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि अपने अधिकारों का तत्काल और प्रभावी क्रियान्वयन चाहती हैं। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण को लेकर वास्तव में गंभीर है, तो पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही सर्वदलीय बैठक बुलाए। बैठक में महिला आरक्षण को वर्तमान 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। कांग्रेस पार्टी इस प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन करेगी और महिलाओं को उनकी आबादी के अनुरूप आधी भागीदारी दिलाने के लिए मजबूती से साथ खड़ी रहेगी।

उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को केवल चुनावी मुद्दा बनाना लोकतंत्र और महिलाओं के सम्मान, दोनों के साथ अन्याय है। आज देश की महिलाएं जागरूक हैं, संगठित हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। आने वाले समय में वे उन राजनीतिक शक्तियों को करारा जवाब देंगी, जिन्होंने उनके अधिकारों को केवल वोट बैंक की राजनीति तक सीमित रखने का प्रयास किया है।

# जनगणना की तैयारी पूरी, 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में आगामी जनगणना कार्य को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत जनगणना से जुड़े कर्मचारियों की तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण प्रक्रिया आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस अभियान में जिले के कुल 594 प्रगणक और 105 सुपरवाइजर भाग लेंगे, जिन्हें फील्ड ट्रेनरों के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर आवश्यक सांख्यिकीय जानकारी एकत्र करेंगे। जिले के प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर संबित मिश्रा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से सतर्क रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान केवल सांख्यिकीय आंकड़े एकत्र किए जाते हैं, न कि व्यक्तिगत जानकारी। साथ ही, नागरिकों को यह भी जानकारी दी गई है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, बैंक खाता नंबर, पैन कार्ड या आधार नंबर नहीं मांगा जाएगा। यदि कोई ऐसी जानकारी मांगता है, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही और सटीक जानकारी प्रदान कर सरकार के नीति निर्माण में सहभागी बनें।

# गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग

**शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शिवसेना प्रदेश प्रमुख परिहार के निर्देशानुसार शिवसेना जिला दंतेवाड़ा ने गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवसेना जिला अध्यक्ष जगदीश दुबे ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिलने से गौ संरक्षण, संवर्धन और गौशालाओं के विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य गोपाल घोष, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम कड़ियाम, उपाध्यक्ष दिलीप, महासचिव रीनू कड़ियाम, नगर अध्यक्ष हर्ष तिवारी, उपाध्यक्ष हेमतस्वामी सहित अनिल दंतेश्वर, चंदू, पुरन, नीलू राम समेत कई शिव सैनिक उपस्थित रहे। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है ताकि गौ माता के संरक्षण के लिए ठोस नीति बन सके।

# सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य चयन परीक्षा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में नवीन आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें प्रातः 10 से 12 बजे तक लिखित परीक्षा व 1 बजे से साक्षात्कार हुआ।

■ श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर साक्षात्कार प्रारंभ हुआ

साक्षात्कार हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर राजकुमार देशमुख, आशीष तिवारी, राघवेंद्र दीवान एवं एकलव्य विद्यालय गीदम से व्याख्याता दीपशिखा मिश्रा व हिमांशी तोमर उपस्थित रहे। आचार्य चयन परीक्षा हेतु 12 अभ्यर्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ। लिखित और साक्षात्कार परीक्षा मे उत्तीर्ण होने के बाद सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के योजना अनुसार सात दिवसीय संकल्पना वर्ग में शामिल होंगे। साक्षात्कार लेने आए अतिथियों का विद्यालय के आचार्य, दीदियों ने तिलक वंदन, श्रीफल पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर साक्षात्कार प्रारंभ हुआ। आभार प्रदर्शन विद्यालय के आचार्य गोवर्धन ठाकुर ने किया।

### 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को लगेगा एचपीवी का जीवन रक्षक टीका

**बीजापुर।** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की पूर्ण रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक ऐतिहासिक और अहम कदम उठाया गया है। जिले की बेटियों को भविष्य में इस जानलेवा बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए विस्तृत एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। कहाँ और किसे लगेगा टीका- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब बीजापुर जिले के विकासखंड स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी और जिला अस्पताल में एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में यह टीका विशेष रूप से उन सभी लड़कियों को लगाया जा रहा है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। यह सही उम्र है जब इस वैक्सीन का प्रभाव सबसे अधिक होता है और शरीर में कैंसर से लड़ने वाली मजबूत इम्युनिटी विकसित हो जाती है।

**पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर**
नगर सैनिक कार्यालय के पास सिंगरभाट,
कांकेर-494334
Website:-https://kanker.kvs.ac.in

F. 280/KVK/2025-26/Advertisement/reg. Date: 27.04.2026

-: प्रवेश सूचना :-

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर में कक्षा 11 विज्ञान व कला संकाय में गैर केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कुछ स्थान रिक्त रहने की संभावना है तथा कक्षा 12 कला एवं विज्ञान संकाय में केवल सेवा श्रेणी 1 एवं 2 हेतु कुछ स्थान रिक्त हैं जिन पर प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं अथवा विद्यालय में प्रातः 08 बजे से 01 बजे तक कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन प्राप्त कर सकते हैं व दिनांक 08.05.2026 सांय 03 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य
के.वि. कांकेर







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत धनेसरा निवासी 21 वर्षीय घनश्याम कोर्राम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका 9 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए स्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज से पूर्व ग्रामीण की अस्पताल में मौत

**कांकर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम चोरिया निवासी 64 वर्षीय सबतरराम कोर्राम को रायपुर के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में 9 फरवरी को इलाज के लिए लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि सबतरराम का मौत हो चुका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मोबाइल ऐप से विधायक ने भरा जनगणना फॉर्म



**जगदलपुर ।** तकनीक और नवाचार के इस दौर में डिजिटल इंडिया के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए विधायक किरण देव ने सोमवार को एक अनुकरणीय पहल के तहत जनगणना 2026 में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने भारत सरकार की जनगणना प्रक्रिया के तहत मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज किया। विधायक ने इस आधुनिक प्रक्रिया को अपनाकर यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण कार्यों में तकनीक का समावेश न केवल पारदर्शिता लाता है, बल्कि नागरिकों के समय और श्रम की भी बचत करता है। उन्होंने नागरिकों को इस प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जनगणना केवल शासकीय आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के आबंटन और जन-कल्याणकारी नीतियों के निर्धारण का सबसे सशक्त आधार है। विधायक ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं जानकारी दर्ज करना बेहद सरल और सुरक्षित है, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहती है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे भी इस डिजिटल माध्यम का अधिक से अधिक उपयोग करें और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में जनगणना कार्य हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जब समाज का हर व्यक्ति तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा, तभी विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगी।

कलेक्टर ने ली बैठक और अधिकारियों को दिए निर्देश

# सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने व नियद नेल्लानार योजना के संबंध में अधिकारी तैयारी पूरी करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की बैठक लेकर विभागों में लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति की कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आगामी मई माह में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। विशेष तौर पर ग्राम पंचायत एवं क्लस्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत मई माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रवास संभावित है। अतः तदनुरूप विभाग के अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण रखें तथा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को सेच्युरेशन मोड में योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही इससे वंचित होने न पाए। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में अधोसंरचना एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को 30 अप्रैल तक निराकृत करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा 01 मई से प्रारंभ होने वाली जनगणना 2027 के लिए अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बस्तर मुन्ने और नियद नेल्लानार 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक जानकारी अधिकारियों को दी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, डीफ एवं निष्क्रिय बैंक खातों की जानकारी, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, आयुष्मान भारत एवं वय वंदना योजना सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अधीन गठित जिला योजना एवं निगरानी समिति के तहत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस अवसर पर सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शराबी भाई ने निशक्त बहन को पीटा पड़ोसी पर भी किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा में बीती रात रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। एक कलयुगी भाई ने अपनी ही दिव्यांग बहन पर प्लास्टिक की कुर्सी से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, जब एक पड़ोसी इस विवाद को सुलझाने और महिला की जान बचाने पहुंचा, तो आरोपी ने उसे भी जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह पीट दिया।

> ■ विवाद सुलझाने पहुंचे पड़ोसी की मारपीट और जान से मारने की दी धमकी

वार्ड क्रमांक 15 निवासी 45 वर्षीय पनकु राम सलाम ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल कि रात करीबन साढ़े 8 बजे उनके पड़ोसी सुधराम सलाम अपनी बहन इतवारीन दुग्गा जो कि एक पैर से दिव्यांग है, उसके साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि सुधराम ने आपा खो दिया और अपनी निशक्त बहन के सिर पर प्लास्टिक की कुर्सी से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। बहन की चीख-पुकार सुनकर जब मै बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपी सुधराम मेरे ऊपर ही भड़क गया। सुधराम ने गालियां देते हुए कहा, तुम बीच में पड़ने वाले कौन होते हो? और हमला बोल दिया। उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी और मुक्कों से वार कर जमीन पर पटक दिया। हद तो तब हो गई जब उसने मेरा गला दबाने की कोशिश की। इस हमले में मेरे गले और बाएं पैर के घुटने में गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुधराम सलाम के खिलाफ धारा 115 (1), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# तालाकुर्रा विद्यालय में कक्षा 9वीं-11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत तालाकुर्रा अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शालेय प्रबंधक समिति अध्यक्ष एवं सरपंच विनोद रावटे की उपस्थिति में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

कक्षा 9वीं में कुल 79 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया। प्रथम स्थान पुष्पेंद्र मरकाम 86.33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आयुष साहू 85 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रिया छेदया 75.33 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं में कुल 84 प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें कला एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कला संकाय में प्रथम लिकेश्वरी गंगबेर 80.06 प्रतिशत, द्वितीय कृष जैन 68.06 प्रतिशत, तृतीय खिलेन्द्र बाघ 68 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में प्रथम चंचल यादव 82.02 प्रतिशत, द्वितीय खुशबू साहू 79 प्रतिशत, तृतीय दिव्या गंगबेर 77.06 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सरपंच विनोद रावटे ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा माता-पिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य शुभेष मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह जैन, दयालु यादव सहित शिक्षकगण बनमाली ठाकुर, भुजबल साहू, बीना शोरी, तिलेश्वरी साहू, सुष्मिता धुर्व, तुलजा साहू, चंचल सिन्हा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डिजिटल जनगणना में स्व-गणना पर जोर

**जगदलपुर।** जनगणना 2026 के कार्यों में बस्तर जिले को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा एक व्यापक और प्रभावी कार्ययोजना लागू की गई है। जिले में स्व-गणना की प्रगति को बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रशासन के सभी स्तरों पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान की सफलता के लिए उन्होंने सबसे पहले सरकारी तंत्र को ही आधार बनाया है, जिसके तहत जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं की गणना पोर्टल पर दर्ज कर एक आदर्श उदाहरण पेश करने के लिए प्रेरित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि जब प्रशासनिक अमला खुद इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा, तो आम जनता के बीच इसके प्रति विश्वास और स्पष्टता बढ़ेगी। इसी कड़ी में मैदानी स्तर पर काम करने वाले जनगणना प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है।

# गौ रक्षा पर प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज सीएम के नाम जिलाधीश को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शिवसेना द्वारा प्रदेश भर में गौ रक्षा के मुद्दे को लेकर व्यापक जनआंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कांकेर जिला मुख्यालय में शिवसेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान शिवसेना के पदाधिकारियों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, किंतु वर्तमान समय में गौहत्या, गौ तस्करी एवं गौवंश की उपेक्षा लगातार बढ़ती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है। इन परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना ने प्रदेश सरकार से ठोस एवं कड़े कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राज्य माता घोषित करने, गौ तस्करी में लिप्त वाहनों को तत्काल राजसात करने, गौ हत्या करने वालों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने, तथा प्रदेश के गौठानों को व्यवस्थित गौशालाओं के रूप में विकसित कर वहां गौ सेवकों की नियुक्ति करने की मांग शामिल है। ज्ञापन के साथ ही शिवसेना द्वारा 3 जुलाई से प्रारंभ किए गए महा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत प्राप्त हजारों नागरिकों के व्यापक जनसमर्थन की हस्ताक्षरयुक्त प्रतियां भी जिलाधीश को सौंपी गईं। शिवसेना पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान को प्रदेश के विभिन्न जिलों, तहसीलों एवं गांवों में भारी जनसमर्थन प्राप्त हुआ है, जिससे स्पष्ट है कि गौ रक्षा के विषय में आमजन की भावना अत्यंत प्रबल है।

# देवीनवागांव स्कूल में शिक्षकों को सम्मानजनक दी गई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत बिरनपुर संकुल केंद्र के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीनवागांव में शनिवार को एक गरिमामय एवं भावनात्मक संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा जगत के दो समर्पित शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई देने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें संकुल परिवार के सभी सदस्यों की सहभागिता ने इसे विशेष बना दिया।

समारोह में सेवा निवृत्त प्रधान अध्यापक यमुना प्रसाद रणबाकला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिरनपुर एवं सेवा निवृत्त व्याख्याता नरसिंह प्रसाद दर्रो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीनवागांव को संकुल स्तर पर सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे इस अवसर पर पूरे सम्मान के साथ याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य जेएस नेताम, विशेष अतिथि प्राचार्य देवीनवागांव अमरचंद मौर्य एवं प्राचार्य मुरूमतरा आत्माराम नेताम ,विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नारायण सिन्हा एवं बसंत तिवारी की उपस्थिति रहें। समारोह के दौरान संकुल केंद्र के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में दोनों शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में उनकी भूमिका को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया। यह क्षण सभी के लिए भावुक और प्रेरणादायक रहा।

# आरीडोंगरी माइंस हादसा, प्रबंधन एवं बिचौलियों की साजिश है, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आरीडोंगरी लौह अयस्क खदान में हुए ताजा हादसे ने न केवल सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है, बल्कि खनन प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बीच क्षेत्रीय सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दों ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है, जिससे प्रबंधन और कथित बिचौलियों में हड़कंप मच गया है।



> ■ हादसे के बाद सुरक्षा और पारदर्शिता पर गहराया संकट

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के आरीडोंगरी माइंस हादसे के बाद अब सियासी और सामाजिक सरगर्मी तेज हो गई है। हादसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आने के बाद क्षेत्रीय सांसद ने खुलकर प्रभावित ग्रामीणों के हक और सुरक्षा का मुद्दा उठाया है। सरपंच रमल कोरम ने सांसद के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि यह विरोध विकास के खिलाफ नहीं, बल्कि भेदभावपूर्ण विकास और प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि माइंस प्रबंधन और कुछ स्वार्थी तत्व सांसद की छवि को धूमिल करने के लिए उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। सांसद ने स्पष्ट किया है कि खदान से होने वाले लाभ केवल कुछ चुनिंदा पंचायतों कच्चे, पर्रेकोडो, भीरावाही, साल्हे और मरकाटोला तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि सभी प्रभावित गांवों को समान रूप से इसका फायदा मिलना चाहिए। उन्होंने रोजगार में पारदर्शिता और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की भी जोरदार मांग की है। हादसे को लेकर सांसद ने इसे महज दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रबंधन की बड़ी लापरवाही करार दिया है। उन्होंने मलबा धंसने की घटना और गिरते जलस्तर को गंभीर चेतावनी बताते हुए सुरक्षा मानकों की सख्त समीक्षा की जरूरत पर बल दिया। इसके साथ ही सांसद ने सीएसआर फंड के उपयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह राशि केवल कागजों तक सीमित न रहकर, पिछड़े और उपेक्षित गांवों के विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल पर खर्च होनी चाहिए। सरपंच रमल कोरम ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता को गुमराह करने की कोशिशें ज्यादा दिन नहीं चलेंगी। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक हर प्रभावित ग्रामीण को उसका हक और सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती।

## शहर और वार्ड के लोगों ने विधायक को बताई समस्याएं

**जगदलपुर।** विधायक कार्यालय नयापारा में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने विधानसभा क्षेत्र के जनमानस से भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रवीर वार्ड के लोगों ने समस्याएं बताई। सड़क, पुलिया, विद्युत व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। वहीं विधानसभा क्षेत्र के कुछ ग्राम के लोग भी पहुंचे थे। विधायक ने शहर और गांव दोनों जगह से आए लोगों से कहा कि समस्या का निराकरण जल्द हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसमें देरी नहीं होना चाहिए। लोग अपना काम छोड़कर समस्या बताने यहां पहुंचे है इसलिए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए निराकरण करें।

# महिला आरक्षण पर सियासत, युकां महामंत्री ने केंद्र पर साधा निशाना

**कोयलीबेड़ा ।** महिला सशक्तिकरण और आरक्षण को लेकर देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। जिला युवा कांग्रेस महामंत्री विनोद उसेडी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आंकड़े और इतिहास खुद यह साबित करते हैं कि भाजपा की नीतियां महिलाओं के हित में नहीं हैं। जिला युवा कांग्रेस महामंत्री विनोद उसेडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र की मोदी सरकार पर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सरकार विपक्ष पर निराधार आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक सितंबर 2023 में ही संसद से पारित हो चुका है, लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति संवेदनशील होने का दावा करने वाली सरकार में प्रतिनिधित्व बेहद कम है। वर्तमान मंत्रिमंडल में 71 मंत्रियों में केवल 7 महिलाएं शामिल हैं, जो देश की आधी आबादी का अपमान है। चुनावी आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कई राज्यों में भाजपा ने महिलाओं को सीमित टिकट दिए, जबकि कांग्रेस ने अधिक महिलाओं को अवसर प्रदान किया।



उन्होने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। 2014 के बाद से अपराध के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं, जो सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चियों के लापता होने के मामलों को भी गंभीर चिंता का विषय बताया। इसके अलावा उन्होंने कई चर्चित मामलों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय कई बार उन्हें संरक्षण देने का काम किया है। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर केवल दिखावा कर रही है और अपने विफलताओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मांग की कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और लंबित आरक्षण को जल्द लागू किया जाए।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411